शोधविकासप्रकोष्ठः
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
गङ्गानाथझापरिसरः, प्रयागराजः
( प्राक्तनं राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, मानितविश्वविद्यालयः )

Research & Development Cell
Central Sanskrit University
Ganganath Jha Campus, Prayagraj
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan, Deemed to be University)

दिनाङ्क / Dated : 26-06-2024

**अधिसूचना - 15**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, मुख्यालय के अधिसूचना 8-4/CSU/Acd./BoD/2022/110, दिनाङ्क - 21.04.2023 के आलोक में विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में अन्तःशास्त्रीय (Inter-disciplinary) / बहुशास्त्रीय (multi-disciplinary) विषय पर शोधरत शोधच्छात्रों से अन्तःशास्त्रीय /बहुशास्त्रीय शोधच्छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र में संलग्न गूगल लिङ्क में दिनाङ्क – 20-07-2024 तक अपना आवेदन प्रेषित करें। आवेदन हेतु निम्नलिखित नियम अवधेय हैं --

1. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के परिसरों एवं शोध संस्थाओं में शोधरत छात्र जिनका शोधविषय अन्तः शास्त्रीय शोध (Inter-disciplinary Research)/ बहुशास्त्रीय शोध (multi-disciplinary Research) है वे इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं।
2. नियमित (Regular) शोधच्छात्र ही शोधच्छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकते हैं।
3. प्रस्तावित शोधविषय प्रामाणिक एवं अनुसंधेय होना चाहिए।
4. शोधविषय अन्तः शास्त्रीय/बहुशास्त्रीय है इसका निर्णय गठित समिति करेगी।
5. चयन समिति का निर्णय ही सर्वमान्य एवं अन्तिम होगा।
6. शोधच्छात्रवृत्ति हेतु स्थान सीमित है, अतः अन्तःशास्त्रीय/बहुशास्त्रीय विषय में शोध करने वाले छात्रों को विशेषज्ञ समिति के द्वारा साक्षात्कार में प्रदत्त अङ्कों की वरीयता के आधार पर साक्षात्कार के अनन्तर अधिसूचना की तिथि से यह छात्रवृत्ति देय होगी।
7. शोधच्छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों को शोधकार्य पूर्ण करना अनिवार्य है।
8. शोधच्छात्रवृत्ति मासिक रु. 16,000/- है।
9. नियमानुसार उपस्थिति पूर्ण होने पर ही छात्रवृत्ति देय होगी।
10. स्थानीय शोध समिति एवं मार्गदर्शक के षाण्मासिक शोधप्रगति प्रतिवेदन के आधार पर ही आगे की छात्रवृत्ति देय होगी।
11. शोधकार्य की प्रगति संतोषजनक न होने पर स्थानीय समिति के प्रतिवेदन के आधार पर छात्रवृत्ति निरस्त की जा सकती है।
12. शोधच्छात्र का प्रतिज्ञा-पत्र (Undertaking) अपेक्षित है।
13. शोधकर्ता एवं मार्गदर्शक के हस्ताक्षरित अन्तः शास्त्रीय शोध (Inter-disciplinary Research)/बहुशास्त्रीय शोध (multi-disciplinary Research) विषय का शुद्ध शोधप्रस्ताव आवेदन पत्र के साथ संलग्न (अपलोड) करें।
14. आवेदन की अन्तिम तिथि 20/07/2024 है।

विशेष –

1- 2020-21 एवं 2021-22 के जिन शोधच्छात्रों ने इस छात्रवृत्ति हेतु पूर्व में आवेदन किया था वे आवेदन न करें।
2- 2022-23 के शोधच्छात्र इस छात्रवृत्ति हेतु आवेदन न करें।

आवेदन प्रक्रिया हेतु लिंक एवं QR Code:

https://forms.gle/1THadF31vTYMj4b49

(प्रो. देवदत्त सरोदे)
संयोजक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय